परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय – 5
अणुशक्तिनगर, मुंबई 400 094

प्रथम आवधिक परीक्षा
(2023-24)

कक्षा : सातवीं **विषय : हिन्दी**
(तृतीय भाषा)
अंक : 20 **समय**
: 45 मिनट

प्र.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(1 x 5 = 5)**

अपने जन्मदिन की पार्टी के अवसर पर मंजरी बिल्कुल ठीक थी । उसने सब बच्चों को दावत पर बुलाया । सभी उसके लिए कुछ न कुछ तोहफ़ा लेकर आए थे । सबसे अंत में कलाकार की बारी आई । उसने कहा, "मैंने सबसे सुंदर लड़की के लिए सबसे सुंदर खिलौना बनाया है । आप जानते हैं, वह लड़की कौन है ? वह है मंजरी ।" सबने खुशी से तालियाँ बजाईं । हर्ष अपनी जगह से उठा और बड़े प्यार से वह सुंदर खिलौना उसने मंजरी के हाथों में थमा दिया ।

(1) किसके जन्मदिन की पार्टी थी ?

क) हर्ष ख) मंजरी
ग) कनक घ) कलाकार

(2) दावत पर किसे बुलाया गया था ?

क) कनक ख) हर्ष
ग) मंजरी घ) बच्चों को

(3) कौन मंजरी के लिए सुंदर खिलौना लाया था ?

क) कनक ख) कलाकार
ग) दोस्त घ) मंजरी की माँ

(4) सबने खुशी से तालियाँ क्यों बजाईं ?

क) कलाकार ने मंजरी को सुंदर लड़की कहा। ख) हर्ष ने चुटकुला सुनाया ।
ग) सबको हर्ष का तोहफ़ा पसंद आया । घ) कलाकार ने कनक को सुंदर लड़की कहा ।

(5) जन्मदिन की पार्टी में सब बच्चे क्या लेकर आए थे ?

क) मिठाई ख) मछली
ग) कुछ न कुछ तोहफ़ा घ) पेड़-पौधे

प्र.2 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ो और उत्तर का सही विकल्प चुनिए । (1 x 10 = 10)

(1) चुरुंगुन किस भ्रम में था ?

(क) कि वह सो गया (ख) कि उसने खाना खाया

(ग) कि उसे उड़ना आया (घ) कि उसे बोलना आया

(2) मंजरी को किससे जलन होती थी ?

(क) हर्ष (ख) कनक

(ग) दोस्त (घ) अपनी माँ से

(3) यंत्र मानव को आम भाषा में लोग क्या कहते थे ?

(क) मशीन (ख) ट्रक

(ग) रोबोट (घ) क्रेन

(4) 'चिड़िया और चुरुंगुन' कविता के कवि का नाम है –

(क) रामधारी सिंह 'दिनकर' (ख) हरिवंशराय बच्चन

(ग) राजीव गर्ग (घ) विष्णु प्रभाकर

(5) समुद्र से प्राप्त होनेवाली चीजों में है –

(क) पत्थर (ख) शंख – सीपियाँ

(ग) कौड़ियाँ (घ) ये सभी

(6) रोबोट को काम करने की शक्ति किससे मिलती है ?

(क) खून से (ख) खाने से

(ग) विद्युत धारा (बिजली) से (घ) तारों से

(7) मंजरी ने वह सुंदर पक्षी कनक को क्यों दिया ?

(क) कनक ने मंजरी की जान बचाई थी (ख) मंजरी को वह सुंदर पक्षी नहीं चाहिए था ।

(ग) कनक मन से सबसे सुंदर लड़की थी (घ) (क) और (ग) विकप सही है ।

(8) रोबोट का शरीर किससे बना है ?

(क) लोहा (ख) प्लास्टिक

(ग) इस्पात (घ) उक्त सभी चीजों से

(9) रोबोट किसका सेवक है ?

(क) अपने शरीर का (ख) मानव का

(ग) खुद का (घ) किसी का नहीं

(10) चुरुंगुन कौन है ?

(क) एक लड़का (ख) चिड़िया का बच्चा

(ग) एक इंसान (घ) इनमें से कोई नहीं

प्र.3 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए ।

1. वचन बदलो – कली , दाना **(1)**

2. <u>उलटे अर्थ लिखो – सम, गंदा</u> **(1)**

प्र.4 निम्नलिखित में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (3)

1. कनक और हर्ष छोटे होने पर भी समुद्र की लहरों में कैसे तैर सकते थे ?
2. रोबोट ऐसे कौन-से काम कर सकता है जो मनुष्य नहीं कर सकता ?
3. चुरुंगुन को कौन-कौन सी चीजें अच्छी लगती हैं ?
4. मंजरी को कनक क्यों नहीं भाती थी ?

****